

# 2. शब्द-रचना

## दो वर्णों वाले शब्द

**हम सीखेंगे**

- शब्द-रचना के विषय में जानेंगे।
- दो वर्ण वाले, तीन वर्ण वाले एवं चार वर्ण वाले शब्दों से परिचित होंगे।
- चित्र देखकर नाम लिखना, चित्रों का नामों से मिलान, नए शब्द बनाना, वर्ण-विच्छेद का सुमचित ज्ञान प्राप्त करेंगे एवं अभ्यास करेंगे।

### आओ, दो वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएँ–

|  |  |  | 10 |
|---|---|---|---|
| न + थ | फ + ल | र + थ | द + स |
| **नथ** | **फल** | **रथ** | **दस** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जब | नल | यह | तन | वन | तब | चल |
| वह | मन | रस | अब | पल | रह | जन |
| घर | कब | कल | कह | धन | बस | बल |

### पढ़ो–

यश अब घर चल।
छत पर मत चल।
डर मत सच-सच कह।
अब फल चख।
नल पर जल भर।
टब भर कर घर चल।
अब हठ मत कर।
छत पर मत चल।

### चित्र देखकर शब्द पूरे करो–



....घ....र



....न....ल



....ब....स




....ज....ग

## आओ, तीन वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएँ– Reading



क + ल + श
**कलश**



क + ल + म
**कलम**



म + ग + र
**मगर**



श + ह + द
**शहद**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कमल | बटन | हवन | नरम | नहर | रबड़ | नयन |
| लगन | गरम | गगन | बहन | भवन | शहर | सड़क |
| मटर | लहर | पलक | परम | नगर | चमन | पवन |

## पढ़ो– Read

मदन कलम इधर रख।

कलश उधर मत रख।

पवन शहद चख।

गरम–गरम शहद चख।

पवन सड़क पर चल।

सड़क पर शहर तक चल।

अटक मत, भटक मत।

गलत डगर पर मत चल।

## चित्र देखकर शब्द पूरे करो–




...ब...तख




...स...ड़क



...क...मल



...र...बड़




...म...टर

# चार वर्णों वाले शब्द

Read

## आओ, चार वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएँ–



क + ट + ह + ल

**कटहल**



अ + द + र + क

**अदरक**



ब + र + ग + द

**बरगद**



श + ल + ग + म

**शलगम**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनबन | चटपट | ढमढम | शरबत | बरतन | टमटम |
| नटखट | उपवन | खटमल | दमकल | झटपट | अजगर |
| मलमल | कसरत | सरपट | अचकन | हड़बड़ | खटखट |

## पढ़ो– Read

बरगद पर मत चढ़।

पनघट पर चलकर जल भर।

अब झटपट घर चल।

बरतन खटखट मत कर।

कटहल इधर रख।

ढमढम–ढमढम मत कर।

नटखट मत बन।

खटमल मत पकड़।

## चित्र देखकर शब्द पूरे करो–



......गर



थर......



उप......



तर......


**हमने सीखा**

- वर्णों के मिलने से शब्द बनते हैं।
- दो वर्णों के मिलने से दो वर्ण वाले शब्द, तीन वर्णों के मिलने से तीन वर्ण वाले शब्द तथा चार वर्णों के मिलने से चार वर्णों वाले शब्द बनते हैं।

# अभ्यास

1. चित्रों को पहचानकर उनके नाम लिखो– **Problem Solving**


बतख


रथ


बरतन



मटर

2. गोले वाले अक्षरों को मिलाकर एक नया शब्द बनाओ– **Hands on Learning**

क. घड़ी + रथ


घर

ख. बतख + सड़क

बस


ग. कलम + मटर + लहर

कमल


घ. नल + टमटम + खग + टनटन

नटखट

3. वर्ग-पहेली से वर्ण चुनकर नए-नए शब्द बनाओ

Problem Solving

| | | | |
|---|---|---|---|
| ल | थ | र | ग |
| घ | म | ग | र |
| ट | ख | ल | म |
| र | म | थ | स |
| य | ल | फ | प |

............ रथ ............


............ मगर ............

............ खटमल ............

............ थरमस ............

............ फल ............





4. वर्णों को सही क्रम में लिखकर शब्द बनाओ–

Critical Thinking

क. र ग म ............ मगर ............


ख. व उ प न ............ उपवन ............

ग. ह ल म ............ महल ............

घ. र श त ब ............ शरबत ............

5. दिए गए चित्रों को पहचानकर उनके सही नाम पर गोला (○) लगाओ–

Problem Solving



बतख

कमल



वन

बस



शरबत

शलगम

6. निम्नलिखित शब्दों को पढ़कर बताओ कि इनमें कितने वर्ण आए हैं?

Subject Integration

नल ............ 2 ............

महल ............ 3 ............

नटखट ............ 4 ............